हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार 11 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 32 .5 डिग्री
न्यूनतम 15 .6 डिग्री

11 आंशिक बादलों के बाद साफ हुआ आसमान, तापमान में वृद्धि शुरू



12 कोसली अनाजमंडी में दस दिन में ढाई लाख क्विंटल गेहूं की आवक रेवाड़ी में तीन दिन में 2600 क्विंटल खरीदा



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। कसोला पुलिस ने सड़क हादसे के बाद गत 4 अप्रैल को केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के खुडली गुमानीपाई निवासी फतह मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। उसका वाहन भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। थाना खोल पुलिस ने 23 मार्च को हादसे के बाद दर्ज किए गए केस में लोहारू निवासी सांवत सिंह को गिरफ्तार किया है। उसका वाहन भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले में एक महिला गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** कसोला थाना पुलिस ने वर्ष 2021 में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक महिला को पांच साल बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर 15 अक्टूबर 2021 को भादस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मामले के एक अन्य आरोपियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी महिला राखी को गिरफ्तार किया है। उसे तफ्तीश मे शामिल करने के बाद रिहा कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न का आरोपी पति गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक गांव निवासी महिला ने पुलिस शिकायत में बताया था कि उसकी राजस्थान के पटवान खेड़ी निवासी राहुल से हुई थी। शादी के बाद से ससुराल पक्ष के लोग उसे अधिक दहेज की मांग पर प्रताड़ति करते थे। पुलिस ने शिकायत के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। इस मामले में पुलिस ने राहुल को गिरफ्तार कर लिया।

### सहपाठी ने किया नुकीली वस्तु से गर्दन पर वार छात्र गंभीर रूप से घायल

**रेवाड़ी।** लिसाना पॉलीटेक्निक में पढ़ रहे एक छात्र की गर्दन पर उसके सहपाठी छात्र ने नुकीली वस्तु से हमला कर दिया। हमले में नस कटने के कारण छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे शहर के एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। थाना मॉडल टाउन क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्र पॉलीटेक्निक कॉलेज में पढ़ाई कर रहा है। गत वीरवार को अवकाश होने के बाद वह अपने सहपाठी के साथ कॉलेज से घर के लिए निकल रहा था। बताया जा रहा है कि दोनों छात्रों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। एक छात्र ने नुकीली वस्तु से दूसरे की गर्दन पर वार कर दिया। इससे छात्र लहूलुहान हो गया। आसपास के लोगों ने उसे तुरंत ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया।

*नगर परिषद ट्रैफिक लाइटों पर कर चुकी लाखों रुपये बर्बाद, धरातल नजर नहीं आ रहा काम*

# शहर के चौराहों पर लंबे समय से ट्रैफिक लाइटें बंद, लाखों खर्च करने के बाद भी बनी शो-पीस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नगर परिषद की ओर से शहर के प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक लाइटें सुचारू करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाए जा रहे है। शहर में लंबे समय से ट्रैफिक लाइटें बंद पड़ी हुई है। ट्रैफिक लाइटों के मेंटेनेंस व नई लाइटें लगाने के प्रति वर्ष लाखों रुपये बर्बाद हो जाते है, लेकिन लाइटें चालू नहीं हो पाती है। वर्तमान में शहर के कई चौराहों पर लगी ट्रैफिक लाइटें शोपीश बनकर लटकी हुई है। शहर में रोजना बढ़ते ट्रैफिक में व्यवस्था बनाने के लिए ट्रैफिक लाइटों का संचालन बेहद जरूरी है, लेकिन प्रशासन की ओर से इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे है। नगर परिषद भी ट्रैफिक लाइटों को चालू करने में सुस्त हो चुकी है। फिलहाल शहर के चौराहों पर लगी ट्रैफिक लाइटें जहां टूटकर लटकी हुई है वहीं लाइटों की लाल-हरी बत्ती में करंट भी नहीं दौड़ रहा है।





रेवाड़ी। अग्रसेन चौक पर बंद पड़ी ट्रैफिक लाइटें, अंबेडकर चौक पर बंद पड़ी ट्रैफिक लाइटें। फोटो : हरिभूमि

### प्रशासन की सुस्ती से व्यवस्था नहीं

नगर परिषद की ओर से ट्रैफिक लाइटों की मेंटेनेंस व नई लाइटें लगाने के लिए कई बार लाखों रुपये का ठेका दिया जा चुका है। उसके बाद ट्रैफिक लाइटों का कार्य तो शुरू हो जाता है, लेकिन आज तक निर्धारित मार्गो पर पूरी तरह ट्रैफिक लाइटें नहीं लग पाई है और लाइटें लगाने का कार्य अधर में लटक जाता है। शहर में बढ़ते ट्रैफिक को व्यवस्थित करने के लिए इस समय ट्रैफिक लाइटें बेहद जरूरी है, लेकिन न तो नगर परिषद और न ही पुलिस विभाग इस ओर कोई रूचि दिखा रहा है।



रेवाड़ी। नाईवाली पुल पर बंद पड़ी ट्रैफिक लाइटें। फोटो : हरिभूमि

### जल्द रिपेयर करवाया जाएगा

*ट्रैफिक लाइटों को चालू कराने के लिए जल्द ही कदम उठाए जाएंगे। शहर में जहां भी ट्रैफिक लाइटें लगी है उनको रिपेयर करवाया जाएगा। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को बनाने के लिए चौराहों पर ट्रैफिक लाइटों की व्यवस्था की जाएगी।*
*-अरुण नांदल, ईओ नगर परिषद रेवाड़ी।*

### दो साल पहले दिया था ठेका, कार्य नहीं हुआ पूरा

नगर परिषद की ओर से वर्ष 2024 के मई माह में नई ट्रैफिक लाइटें लगाने व खराब लाइटों को ठीक कराने के लिए एजेंसी को करीब 24 लाख का ठेका दिया गया था, लेकिन रूक-रूक कर चलता रहा कार्य बीच में ही बंद हो गया। एक-दो बार ट्रैफिक लाइटों में लाल-हरी-पीली बत्ती व टाइमिंग नजर आई, लेकिन उसके बाद धीरे-धीरे एजेंसी के साथ नगर परिषद भी सुस्त पड़ गई और न तो सभी जगह ट्रैफिक लाइटें लगाई गई है और न ही लगाई गई लाइटें चालू हो पाई। इसके बाद से ट्रैफिक लाइटें बंद पड़ी हुई है। शहर के अग्रसेन चौक, बावल चौक, नाईवाली चौक, झज्जर चौक, अंबेडकर चौक, धारूहेड़ा चुंगी व राव अभय सिंह चौक पर ट्रैफिक लाइटें शुरू की जानी थी। नगर परिषद की ओर से इन लाइटों की मरम्मत पर कई बार लाखों रुपये की राशि खर्च की जा चुकी है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई कार्य नजर नहीं आ रहा है। अगर शहर के सभी चौराहों पर ट्रैफिक लाइटों का सुचारू रूप से संचालन होता है तो ट्रैफिक कंट्रोल करने में काफी मदद मिलेगी। ट्रैफिक लाइटों से शहर की यातायात व्यवस्था में भी काफी हद तक सुधार होगा।

# रेलवे रोड दुकान पर चला पीला पंजा





रेवाड़ी। रेलवे रोड पर दुकान तोड़ते हुए जेसीबी, नप की कार्रवाई के दौरान मौजूद पुलिस व लोग। फोटो : हरिभूमि

■ नगर परिषद ने पुलिस बल के साथ की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नगर परिषद की टीम ने शुक्रवार को रेलवे रोड पर बनी अवैध दुकान को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया। नगर परिषद की ओर से रेलवे रोड पर 9 दुकानों पर कार्रवाई की जानी थी, जिसमें 7 दुकानों पर पिछले वर्ष कार्रवाई की जा चुकी थी। बाकी दुकानों पर कोर्ट से स्टे था। नगर परिषद की ओर से दुकान के स्वामित्व का केस कोर्ट से खारिज होने के बाद 27 मार्च को एक दुकान पर तोड़फोड़ की कार्रवाई करने के बाद शुक्रवार को बाकी बची एक दुकान को भी ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान नगर परिषद से एमई नरेश ड्यूटी मजिस्ट्रेट थे। इनके अलावा जेई वीरपाल, जेई रमेश, विजयपाल, सिटी एसएचओ सुबेसिंह व गोकल गेट चौकी इंचार्ज सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। जानकारी के अनुसार संजय पुत्र मनोहरलाल ने रेलवे रोड स्थित शंकर बाजार के पास तहबाजारी के तहत जगह ली थी। नगर परिषद की ओर से संजय को तहबाजारी खत्म होने के बाद जगह खाली करने का नोटिस दिया गया, लेकिन जगह खाली नहीं की गई और कोर्ट से स्टे ले लिया था। कोर्ट से केस खारिज होने के बाद नगर परिषद की टीम ने शुक्रवार को दुकान पर जेसीबी चलाकर कब्जा कार्रवाई की।

# नलकूपों की मोटर चोरी करने का दूसरा आरोपी धरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

थाना सदर पुलिस ने नलकूपों की मोटर चोरी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गिरफ्तार किए गए आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। रामगढ़ निवासी इंद्रजीत ने पुलिस शिकायत में बताया था कि गत 8 फरवरी को शाम के समय वह अपने खेत में नीलगायों से रखवाली करने के लिए गया था। उसके खेत के पास बाइक पर दो युवक खड़े थे। उन्होंने बाइक के बीच में पानी की मोटर रखी हुई थी। उसके पास जाने पर दोनों ने भागने का प्रयास किया तो उसने मोके पर एक आरोपी को काबू कर लिया है। जिस पर पुलिस ने थाना सदर रेवाड़ी में चोरी का मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त एक आरोपी जिला गुरूग्राम के गांव नानू कलां निवासी सुमित कुमार को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई एक मोटर व वारदात में प्रयोग की गई बाइक बरामद की थी। जो इस मामले में पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी जिला गुरुग्राम के गांव नानू कलां निवासी कर्मबीर को भी गिरफ्तार कर लिया।

### बिटकॉइन से डबल मुनाफे का झांसा, बनाया एक लाख रुपये की ठगी का शिकार

**रेवाड़ी।** साइबर ठगों ने बिटकॉइन के जरिए डबल मुनाफा कमाने का लालच देकर मामड़िया आसमपुर के युवक को लगभग एक लाख रुपये की ठगी का शिकार बना दिया। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

पुलिस शिकायत में प्रवीन कुमार ने बताया कि उसके पास गत 4 अप्रैल को एक मैसेज आया था, जिसमें बिटकॉइन में पैसा निवेश करने दोगुणा मुनाफा कमाने का लालच दिया गया था। इसके बाद उसकी व्हाट्सएप पर बातचीत शुरू हो गई। उसने शुरू में 500 रुपये बताए गए नंबरों पर ट्रांसफर किए, तो उसके खाते में मुनाफा दर्शाया गया। बाद में उसने कई ट्रांजेक्शन के जरिए 1.01 लाख रुपये बताए गए खाता नंबरों पर ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उसे रिटर्न के नाम पर कुछ नहीं मिला। बाद में उसे ठगी का अहसास हुआ। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उन खातों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिनमें उसकी रकम ट्रांसफर हुई है।

### हुड़दंगबाजी करने के चार आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने हुड़दंगबाजी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि मॉडल टाउन एरिया में चार लोग शराब के नशे में हुड़दंगबाजी कर रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। चारों आरोपियों को मौके पर ही काबू कर लिया गया। एक आरोपी विकास नगर निवासी सुधीर, दूसरा परशुराम कॉलोनी निवासी धर्मपाल, तीसरा कालाका रोड निवासी पवन कुशवाह व चौथा उत्तम नगर निवासी उदय बताया गया। चारों के खिलाफ दो मामले दर्ज किए गए हैं।

# डेयरी संचालक पर फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

■ दूसरे की जल्द गिरफ्तारी के प्रयास, आरोपी के कब्जे से 1 देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एचएसआईआईडीसी बावल दफ्तर के पीछे गत वीरवार की सुबह एक डेयरी संचालक पर फायरिंग करने के मामले में सीआईए धारूहेड़ा की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से 1 देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। उसके दूसरे साथी को जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। गिरफ्तार किया गया आरोपी पहले भी एक आपराधिक मामले में संलिप्त रह चुका है। आसलवास निवासी सतबीर ने पुलिस शिकायत में बताया था कि उसने एचएसआईआईडीसी दफ्तर के पीछे डेयरी की हुई है। 9 अप्रैल की सुबह वह घर से बाइक लेकर डेयरी पर आया था। इसी दौरान नीरज व अन्नू एक बाइक पर वहां आए। उनमें से एक ने पिस्टल निकालकर उस पर दो गोलियां दाग दीं। नीचे झुक जाने के कारण वह गोली लगने से बच गया। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने सीआईए की टीमों को आरोपियों को जल्द काबू करने के निर्देश दिए थे। कसोला थाना पुलिस ने सतबीर के बयान पर विभिन्न धाराओं के तहत दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में फायरिंग का आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### साथी अन्नू का पता लगाने के प्रयास तेज

पुलिस ने नीरज की गिरफ्तारी के बाद उसके साथी अन्नू का पता लगाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। नीरज को पूछताछ के लिए कोर्ट से रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान उससे हथियार सप्लाई के बारे में पता लगाया जाएगा। पुलिस सूत्रों के अनुसार दूसरे आरोपी अन्नू के करीब पुलिस की टीम पहुंच चुकी है। उसे भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि सीआईए धारूहेड़ा ने वारदात के चंद घंटे बाद ही एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरे को भी जल्द काबू कर लिया जाएगा।

### खंडोड़ा के पास काबू किया नीरज

सीआईए धारूहेड़ा को सूचना मिली थी कि एक युवक राजस्थान के शाहजहांपुर से खंडोड़ा की ओर पैदल जा रहा है। उसके पास हथियार मौजूद हैं। सूचना मिलने के बाद सीआईए प्रभारी योगेश हुड्डा की टीम मौके पर पहुंच गई। सड़क पर पैदल चल रहे एक युवक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम पातुहेड़ा निवासी नीरज बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक पिस्टल व एक कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान उसने सतबीर पर फायरिंग करने के साथ-साथ एक और वारदात में संलिप्त होने की बात स्वीकार की। सीआईए ने आरोपी को मौके पर ही काबू कर लिया।




शोरूम:- तनिष्क शोरूम, एससीओ-40, सेक्टर-1, मॉडल टाउन, बावल रोड, रेवाड़ी टेली : 70829-95610



# धुरंधर 2 हिंदी वर्जन में 1000 करोड़ कमाने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म बनी

**मुंबई।** इन दिनों 'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस पर जमकर कलेक्शन कर रही है। हाल ही में फिल्म ने अपने नाम नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। हिंदी वर्जन ने 1000 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। साथ ही वर्ल्डवाइड भी यह फिल्म छप्परफाड़ कमाई कर रही है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इस बात की पुष्टि की। रिलीज के 22वें दिन यह रिकॉर्ड फिल्म 'धुरंधर 2' ने अपने नाम किया है। इस फिल्म के हिंदी वर्जन ने गुरुवार को 1009 करोड़ रुपए का कुल कलेक्शन कर लिया है। फिल्म धुरंधर 2 ने तमिल और तेलुगु वर्जन को मिलाकर भी 1,050.51 करोड़ रुपए कमाए लिए हैं। 23वें दिन की बात करें तो 'धुरंधर 2' ने 2.09 करोड़ रुपए की कमाई अब तक की है। यह फिल्म का शुरुआती कलेक्शन हैं। वहीं, 23वें दिन तमिल वर्जन ने 3 लाख रुपए और तेलुगु वर्जन ने 4 लाख रुपए अपने खाते में जमा किए हैं।


लाइफ Style

# सुनंदा जिंदादिली के लिए हैं मशहूर

सुनंदा शर्मा आजकल सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं जिसकी वजह कोई नया गाना नहीं, बल्कि उनके वो देसी और मजेदार वीडियो हैं जो इंटरनेट पर आग की तरह फैल रहे हैं। अक्सर हम स्टार्स को बड़ी गाड़ियों और प्राइवेट जेट्स में देखते हैं, लेकिन सुनंदा को कभी बस में यात्रियों को गुदगुदाते तो कभी ऑटो की अगली सीट पर बैठकर मजे लेते देखकर फैंस उनके दीवाने हो गए हैं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुनंदा शर्मा के शेयर किए वीडियोज में एक गजब का 'बेबाक' अंदाज है, जो दिखाता है कि एक बड़ी सेलिब्रिटी होने के बावजूद वह दिल से बिल्कुल जमीन से जुड़ी हुई हैं। सुनंदा शर्मा वायरल वीडियो में बस में मास्क लगाकर बैठी दिख रही हैं और फिर अचानक दाल-मखनी और मिस्सी रोटी की बातें छेड़ देती हैं और फिर खुद ही यह कहकर हंस पड़ती हैं कि जहाज के सफर करके हम पागल हो गए हैं। वे अपनी ट्रिप का लुत्फ किसी वीआईपी ट्रीटमेंट की तरह नहीं, बल्कि एक आम इंसान की तरह उठाती हैं। जब वह ऑटो में ड्राइवर के पास वाली सीट पर बैठकर अपने शो के लिए निकलीं, तो उन्होंने फैंस से अपनी लोकेशन बूझने को कहा। लोगों ने तुरंत पहचान लिया कि वह शाहजहांपुर में थीं और कई फैंस को इस बात का मलाल भी रहा कि वे अपनी पसंदीदा सिंगर से मिल नहीं पाए। उनका एक रेस्टोरेंट का वीडियो भी खूब वायरल हुआ, जिसमें वह पहले तो बड़ी गंभीरता से 'सिविक सेंस' और पब्लिक मैनर्स पर लेक्चर देने लगती हैं, लेकिन कुछ ही पलों में अपनी ही हंसी नहीं रोक पातीं। उनका अचानक से हंस पड़ना और अपनी टीम के साथ मस्ती करना, लोगों को बहुत पसंद आ रहा है क्योंकि इसमें कोई बनावटीपन नहीं दिखता। सुनंदा शर्मा अपनी ट्रिप के अलग-अलग वीडियो भी शेयर करती रहती हैं।



हॉलीवुड मसाला



# टेलर -ट्रैविस ने शुरू की शादी की तैयारी

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट और एनएफएल स्टार ट्रैविस केल्स की शादी से जुड़ी सभी जानकारी सामने आ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट और एनएफएल स्टार ट्रैविस केल्स ने अपनी शादी की तैयारी शुरू कर दी है और अपने करीबी दोस्तों और परिवार वालों को 'सेव द डेट' इनविटेशन भी भेज दिए हैं। खास बात ये है कि प्राइवेसी बनाए रखने के लिए मेहमानों से पहले ही एनडीए यानि नॉन-डिस्क्लोजर एग्रीमेंट साइन करवाया जा रहा है, ताकि शादी की कोई भी डिटेल बाहर न आए। पहले 13 जून को शादी की तारीख माना जा रहा था, लेकिन अब नई रिपोर्ट्स के अनुसार कपल 3 जुलाई को शादी कर सकता है। हालांकि, वेन्यू अभी तक सीक्रेट रखा गया है, लेकिन कहा जा रहा है कि शादी न्यू यॉर्क में हो सकती है।



# एक्टिंग छोड़ने वाली थीं सीरीज यू ने बदल दिया फैसला

**लॉस एंजिल्स।** जेना ओर्टेगा ने अपने अभिनय से दर्शकों का जीता था, सीरीज वेडनेस में उनके काम को खूब सराहा गया। इसके बाद भी इस एक्ट्रेस को लगा कि एक्टिंग को अलविदा कह देना चाहिए। दरअसल, ऐसा फैसला वह सोच-समझ कर ले रही थीं फिर जेना ने अपना फैसला बदल दिया। इसकी वजह उनका अगला प्रोजेक्ट 'यू' रहा। जेना ओर्टेगा ने बताया कि टीनएजर में आने उन्हें लगा कि वह एक्टिंग की दुनिया में अपना भविष्य नहीं देख पा रही हैं। जेना कहती हैं, 'मुझे नहीं पता था कि मैं और क्या करूंगी।' वह बताती हैं कि कास्टिंग डायरेक्टर्स के सामने बार-बार अपनी एक्टिंग की रेंज साबित करनी पड़ी, जिसकी वजह से उन्होंने एक्टिंग पूरी तरह से छोड़ने के बारे में सोचना शुरू कर दिया था। जेना ने आगे कहा, 'मुझे लगा कि अगर एक्टिंग छोड़नी ही है, तो यही सही समय है।' जेना ओर्टेगा के कॅरियर में टर्निंग पॉइंट साल 2019 में आया। जेना को सीरीज 'यू' के दूसरे सीजन में एली एल्व्स के रोल के लिए कास्ट किया गया। यह किरदार उनके कॅरियर को ऊंचाइयों पर ले गया। जेना के अभिनय को दर्शकों ने भी खूब पसंद किया। वह कहती हैं, 'मुझे यह सीरीज बहुत पसंद आई। मैंने इसकी शूटिंग पर बहुत अच्छा समय बिताया।




# दादी की शादी का पोस्टर रिलीज रिद्धिमा के साथ नजर आएंगी नीतू

**मुंबई।** कपिल शर्मा की नई फिल्म 'दादी की शादी' का पहला लुक सामने आ चुका है। इसमें नीतू कपूर और कपिल शर्मा सहित कई सितारे नजर आएंगे। इस फिल्म में नीतू अपनी बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी के साथ किसी फिल्म में पहली बार नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन आशीष आर मोहन ने किया है। निर्माताओं ने आज 'दादी की शादी' का पहला पोस्टर लुक शेयर किया है। इसके साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'दादी इंटरनेट पर धूम मचा रही हैं और सारे नियम तोड़ रही हैं। क्या परिवार उनके साथ है या उनके खिलाफ? दादी की शादी में, जनरेशन डी से जनरेशन जेड तक सभी आमंत्रित हैं।' दादी की शादी में कपिल शर्मा, नीतू कपूर, रिद्धिमा कपूर साहनी, दक्षिण के सुपरस्टार सरथ कुमार, निखत हेगड़े, तेजस्विनी कोल्हापुरे और सादिया खतीब सहित कई सहायक कलाकार हैं।



# भाईजान की अगली फिल्म में हुई राजपाल की एंट्री

**मुंबई।** अभिनेता राजपाल यादव बीते दिनों काफी मुश्किलों में रहे। मगर, अब उनकी किस्मत ने पलटी ले ली है। सलमान खान ने उन्हें अपनी फिल्म में साइन किया है और इसमें एक्टर-कॉमेडियन का किरदार बहुत अहम बताया जा रहा है। सलमान खान इन दिनों अपनी वॉर ड्रामा फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म के बाद वे निर्माता दिल राजू और निर्देशक वामशी पेडिपल्ली के साथ एक्शन फिल्म में काम करेंगे। फिल्म का नाम फिलहाल तय नहीं है। इसमें सलमान के साथ नयनतारा नजर आएंगी। वहीं, फिल्म की कास्ट में एक नए नाम के जुड़ने की अटकलें भी हैं। राजपाल यादव को फिल्म में लिया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सलमान खान ने कथित तौर पर राजपाल यादव को अपनी अगली एक्शन एंटरटेनर फिल्म में एक अहम किरदार निभाने के लिए साइन किया है।

टीवी मसाला



# बबीता जी और चंपकलाल से अधिक भिड़े की नेट वर्थ, जेठालाल छुपे रुस्तम

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सबसे फेमस टेलीविजन शो में से एक रहा है। शो के किरदारों ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बना ली है। इन कलाकारों ने वर्षों से अपार प्यार पाया है और साथ ही अच्छी खासी संपत्ति भी बना ली है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की अपार लोकप्रियता के पीछे दिलीप जोशी का अहम योगदान रहा है। जेठालाल गड़ा के किरदार में उन्होंने अपने बेमिसाल ह्यूमर से दर्शकों के दिलों में जगह बनाई है। उन्होंने लगभग 47 करोड़ रुपए की कुल संपत्ति के साथ भारत के सबसे अमीर एक्टर्स में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाई है। अमित भट्ट ने शो की शुरुआत के कुछ ही समय बाद चंपकलाल गड़ा की भूमिका निभाकर शो में एंट्री की। वे एक ऐसे पिता हैं जिन्हें सभी किरदार और दर्शक भी प्यार करते हैं। उनकी लगभग 16.4 करोड़ रुपए की कुल नेट वर्थ है। टेलीविजन सीरियल में बबीता का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस मुनमुन दत्ता अपनी एक्टिंग के लिए मशहूर हैं। वह हमेशा से ही इस सीरियल का एक जाना-पहचाना चेहरा रही हैं। अब तक वह अपने करियर में काफी सफल रही हैं और उनकी कुल नेट वर्थ लगभग 40 करोड़ रुपए बताई जाती है। सोनालिका जोशी शो में माधवी भिड़ें के रोल में हैं और हमेशा से इससे जुड़ी रही हैं। उन्होंने अपने बिजनेस को भी बखूबी संभाला है। शो में अपने रोल के कारण वह घर-घर में जानी-मानी हस्ती बन चुकी हैं।

## सुदेश की पत्नी ने बेटा-बहू के सामने दौड़ाकर पीटा!

**नई दिल्ली।** भारत की पसंदीदा रसोई को इस हफ्ते 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' के बैसाखी उत्सव के साथ पूरी तरह से पंजाबी रंग में रंग दिया गया है। उत्सव की शुरुआत ढोलक की थाप से होती है, जो माहौल को जोश से भर देती है। इसके बाद कलाकार पंजाबी बोलियों के दौर में उतरते हैं, जो सबसे ज्यादा मजेदार है। हंसी-मजाक से शुरू होकर, हर कोई एक-दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिश करता है, और हर कुछ सेकंड में पूरा कमरा हंसी से गूंज उठता है। वहीं, कश्मीरा के साथ राजपाल यादव का डांस देख लोग अलग मजे ले रहे हैं। और जब सुदेश निया शर्मा के साथ फ्लर्ट करते हैं, तभी सुदेश लहरी की पत्नी बिल्लो जी अपने परिवार के साथ 'आज ना छोड़ूंगी तुझे' गाने की धुन पर आती हैं, जिससे पहले से ही शोरगुल से किचन भर जाता है। खाना पकाने का सेगमेंट मस्ती को एक मजेदार मोड़ के साथ खत्म होता है, जिसमें एक्टर्स गुड़ पारे को पतंग की तरह आकार देने की कोशिश करते हैं - यह चुनौती देखने में जितनी आसान लगती है, उससे कहीं ज्यादा कठिन साबित होती है। सुदेश लहरी कहते हैं, 'बैसाखी हमेशा से मेरे दिल के बहुत करीब रही है।



# एक्शन और प्यार का कॉम्बो है मृणाल-अदिवि की डकैत

**मुंबई।** इन दिनों सिनेमाघरों में फिल्म 'धुरंधर 2' का कब्जा है। 19 मार्च को रिलीज हुई इस फिल्म ने कमाई के मामले में कई बड़े रिकॉर्ड ध्वस्त कर डाले। कई फिल्मों को धूल चटा दी। अब तक इसके आसपास कोई फिल्म फटक तक नहीं पा रही थी। हालांकि, शुक्रवार 10 अप्रैल को 'डकैत' ने दस्तक दी है। फिल्म 'डकैत' में अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर लीड रोल में हैं। इस फिल्म में एक्शन है भी है और इमोशंस भी। 'डकैतः एक प्रेम कहानी' एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। इसमें हरि (आदिवी शेष) की कहानी दिखाई गई है, जिसे अपनी पूर्व प्रेमिका सरस्वती (मृणाल ठाकुर) के कारण गलत तरीके से जेल में डाल दिया जाता है। फिर वह जेल से भागकर एक डकैती की योजना बनाता है। मदनपल्ले क्षेत्र में फिल्माई गई यह फिल्म प्रतिशोध, जातिगत राजनीति और जबरन विश्वासघात से संबंधित है।



## शनेल देव ने किया है निर्देशन

फिल्म डकैत का निर्देशन शनेल देव ने किया है। इस फिल्म में आदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप मुख्य भूमिका में हैं। इनके अलावा फिल्म में जैन मैरी खान, कामाक्षी भास्करला, प्रकाश राज, साउथ एक्टर सुनील और अतुल कुलकर्णी सहायक भूमिकाओं में हैं। 'डकैत' कलाकारों की भूमिकाएं- मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मृणाल ठाकुर ने फिल्म 'डकैतः ए लव स्टोरी' में अपने रोल के लिए 2.5 करोड़ रुपए लिए हैं। इस जबरदस्त एक्शन फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे आदिवी शेष ने 3 करोड़ से 7 करोड़ रुपए के बीच फीस ली है। फिल्म का कुल अनुमानित बजट 80 करोड़ से 100 करोड़ रुपए के बीच है।

# अनंत को सलमान-शाहरुख ने पलकों पर बिठाया

**मुंबई।** मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी ने 10 अप्रैल को जामनगर में भव्य समारोह आयोजित करके अपना 31वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। आधी रात होते ही फिल्म जगत से अरबपति अंबानी को ढेरों शुभकामनाओं का तांता लग गया, जिनमें बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान और शाहरुख खान सबसे आगे रहे और उन्होंने बर्थडे बॉय को प्यार और शुभकामनाओं से सराबोर कर दिया। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अनंत के साथ कुछ प्यारी और खुशनुमा तस्वीरें शेयर करते हुए उन्हें अपना छोटा भाई बताया। एक तस्वीर में सलमान अनंत को प्यार से गले लगाते हुए नजर आ रहे हैं। सलमान ने काले रंग की शर्ट और जींस पहनी हुई है। वे अनंत को गले लगाने के लिए झुके हुए हैं, जबकि अनंत आंखें बंद करके मुस्कुरा रहे हैं। तस्वीरें पोस्ट करते हुए सलमान ने लिखा, 'सबसे निस्वार्थ, दयालु इंसान और कई लोगों के लिए प्रेरणास्रोत... मेरे छोटे भाई अनंत को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।' सलमान ने कुछ और फोटोज भी पोस्ट कीं, जिसमें वो अनंत के कंधे पर चढ़े हुए थे और दोनों मुस्कुरा रहे थे। फोटो के साथ सलमान ने कैप्शन में लिखा, 'ये बात सुनो अगर याददाश्त कमजोर हो तो लिख लो... ये आदमी देश को भी उठाएगा... मेरे छोटे भाई अनंत जिंदाबाद... दिल और दिमाग का अंबानी, अनंत अंबानी।'



## अपने काम से लोगों के चेहरे पर लाते रहें मुस्कान

शाहरुख खान ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अनंत को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'अनंत अंबानी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं आप इसी तरह अच्छे काम करते रहें और सकारात्मकता और सच्चाई को कायम रखें। अपना अच्छा काम जारी रखें और अपने काम से लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाते रहें। ईश्वर आपको हमेशा अच्छे स्वास्थ्य और खुशियों से नवाजे।' रणवीर सिंह ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अनंत को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। रणवीर ने अनंत के साथ एक मजेदार तस्वीर पोस्ट की और लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो भाई (किस इमोजी)।' एक्टर संजय दत्त ने भी अनंत के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, 'अनंत मेरे भाई, तुम सबसे दयालु और प्यारे भाई हो जो किसी को भी मिल सकते हैं। मैं महादेव से प्रार्थना करता हूं कि तुम स्वस्थ रहो और अपने सभी कामों में सफल हो। हमेशा खुश रहो और मेरे लिए हमेशा की तरह प्यारे भाई बने रहो। जन्मदिन मुबारक हो, भगवान तुम्हें आशीर्वाद दें! हर हर महादेव।'

## रिलीज हो रहीं एक्शन और थ्रिलर से भरपूर फिल्में-सीरीज

# इस वीकएंड ओटीटी पर होगी मनोरंजन की बरसात

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सिनेमाघरों में धुरंधर 2 सजी हुई है। यह फिल्म शानदार प्रदर्शन कर रही है। 10 अप्रैल को अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की फिल्म डकैत ने भी दस्तक दे दी है। थिएटर्स जाने के लिए ये दोनों फिल्में ही पर्याप्त बहाना है। मगर, वीकएंड पर अगर बदलते मौसम को देखते हुए या अन्य वजह से घर से निकलने का मन नहीं है और घर पर ही कुछ बढ़िया देखना है, तो ओटीटी पर भी कई विकल्प हैं।

### ओ'रोमियो

शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत फिल्म 'ओ रोमियो' सिनेमाघरों के बाद आखिर ओटीटी पर भी आ गई है। यह फिल्म आज शुक्रवार 10 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है। विशाल भारद्वाज निर्देशित यह फिल्म सच्ची घटनाओं से इंस्पायर एक रिवेंज ड्रामा है। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पटानी, रणदीप हुड्डा, फरीदा जलाल और विक्रांत मैसी जैसे कलाकार भी हैं।



### थाई किझावी

यह एक तमिल ड्रामा है। इसमें राधिका सरतकुमार ने 70 साल की एक गुस्सैल साहूकार का रोल किया है। शिवकुमार मुरुगेसन ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। 'थाई किझावी' ने 150 करोड़ रुपए का कलेक्शन जुटाया था। अब यह फिल्म ओटीटी पर आ गई है। शुक्रवार 10 अप्रैल से यह जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम गई है।

### तू या मैं

यह फिल्म भी ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। इस वीकएंड इस फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं। इसका निर्देशन बिजॉय नांबियार ने किया है। 'तू या मैं' एक सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है, जिसमें शनाया कपूर और आदर्श गौरव लीड रोल में हैं। यह फिल्म थाई मूवी 'द पूल' का आधिकारिक रीमेक है। यह 10 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो गई है।

### थ्रैश

यह एक शार्क सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है, जो 10 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। वीकएंड पर इसे देख सकते हैं। इसमें एक शहर में भयानक समुद्री तूफान आता है और साथ ही खतरनाक शार्क हमला शुरू कर देती हैं। लोग अपने बचाव के लिए संघर्ष करते हैं।

### द बॉयज सीजन 5

यह एक सुपरहीरो सीरीज है, जिसका आखिरी सीजन शुरू हो रहा है। 'होमलैंडर' और 'बुचर' के बीच की आखिरी जंग देखने के लिए बेताब फैंस का इंतजार आखिर इस वीक पूरा होगा। यह सीरीज 8 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।

### बिग मिस्टेक्स

डैन लेवी के इस शो में आपको कॉमेडी और थ्रिलर दोनों का डोज मिलेगा। कहानी दो भाई-बहनों की है, जो अनजाने में खुद को संगठित अपराध की दुनिया में फंसा हुआ पाते हैं। यह शो 09 अप्रैल 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है।

### यूफोरिया' सीजन 3

हॉलीवुड की चर्चित सीरीज 'यूरोफिया' अपने नए सीजन के साथ वापसी कर रही है। यह करीब चार साल के इंतजार के बाद आ रही है। सस्पेंस, थ्रिल और एक्शन से भरपूर सीरीज में हॉलीवुड एक्ट्रेस जेंडाया लीड रोल में हैं। साथ ही एरिक डेन, त्रिशा पेटस, जैकब एलोर्डी, नताशा लियोन, एली रोथ और क्वामे पैटरसन जैसे सितारे भी नजर आएंगे। यह सीरीज 12 अप्रैल से एचबीओ मैक्स पर स्ट्रीम होगी।

**खबर संक्षेप**

### खेत से पंप सेट की केबल चुरा ले गए चोर

**कोसली।** कोसली गांव के एक किसान के खेत से चोर सोलर पंप सेट की केबल चोरी कर ले गए। किसान बीरबल ने कोसली पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने अपने खेत में सोलर पंप सेट लगवाया हुआ है। मंगलवार को वह अपने खेत में सोलर पंप सेट को सही सलामत छोड़ कर आए थे। 8 अप्रैल को शाम खेत में गए तो सोलर पंप सेट क्षतिग्रस्त मिला तथा बोरिंग व सोलर पंप की लगभग 250 फूट केबल गायब थी। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

### आंबेडकर जयंती पर प्रतिभा सम्मान समारोह

**रेवाड़ी।** माता रमाबाई सामाजिक उत्थान संस्था की ओर से आजाद नगर में 14 अप्रैल को डा. भीमराव अंबेडकर जयंती पर सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शिक्षा, खेल व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्रदेश के वन, पर्यावरण एवं उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह शिरकत करेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री डा. बनवारी लाल करेंगे। मंत्री के निजी प्रवक्ता हरिन्द्र सिंह यादव ने बताया कि कार्यक्रम में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, विधायक डा. कृष्ण कुमार, पूर्व मंत्री जसवंत सिंह, रामवीर सिंह, सत्यप्रकाश जरावता, पूर्व आईएएस आरएन पूनिया, डा. कामराज संधु तथा डा. राजकुमारी राजसी विशिष्ट अतिथि रहेंगी।

### कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली, पुलिस बल रहा मौजूद

# डीटीपी ने रामगढ़ रोड पर दो एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी ध्वस्त



रेवाड़ी। अवैध कॉलोनी में चलती डीटीपी की जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

- टीम ने वहां 3 डीपीपी और प्रारंभिक चरण में कच्चे रोड नेटवर्क को समतल कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीटीपी विभाग की टीम ने शुक्रवार को शहरी क्षेत्र की राजस्व सीमा में दो एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की। डीटीपी की कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मची हुई है। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम रेवाड़ी-रामगढ़ रोड पर पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 2 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी का ध्वस्त कर दिया। टीम ने वहां 3 डीपीपी और प्रारंभिक चरण में कच्चे रोड नेटवर्क को समतल कर दिया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ।

**अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें लोगः सिहाग**



डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि विभाग की ओर से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, जिन्होंने अनियमित कॉलोनियों में निर्माण किए हैं। डीटीपी ने कहा कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।

## कोसली में अतिक्रमण हटाने के नाम पर खानापूर्ति, अवैध टैक्सी स्टैंड पर एक्शन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

कोसली स्टेशन क्षेत्र के बाजार में अतिक्रमण और अवैध कब्जे हटाने के लिए नोटिस जारी किए जाने के 15 दिन बाद विभाग शुक्रवार को कार्रवाई के लिए मैदान में उतरा, लेकिन यह कार्रवाई केवल खानापूर्ति तक सीमित रही। रेलवे रोड़ बाजार में चल रहे अवैध टैक्सी स्टैंड पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे लोगों को पार्किंग की समस्या और जाम का सामना करना पड़ रहा है। लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में एक दुकानदार ने बाजार में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर एसडीएम विजय कुमार से शिकायत की थी, जिसके बाद एसडीएम ने लोक निर्माण विभाग को अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए थे। विभाग ने 24 मार्च को दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी वालों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। नोटिस जारी होने के बाद कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे बने टीन शेड हटा लिए और कुछ रेहड़ी-पटरी वालों ने भी स्थान बदल लिया। कई दुकानदारों ने निर्धारित समय सीमा के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया। नोटिस अवधि समाप्त होने के 8 दिन बाद विभाग मौके पर पहुंचा, लेकिन सख्त कार्रवाई करने के बजाय केवल चेतावनी देने की औपचारिकता पूरी की। विभाग ने जहां दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी वालों को नोटिस जारी किए वहीं मुख्य बाजार में चल रहे अवैध टैक्सी स्टैंड पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। न तो इन्हें नोटिस दिया गया और न ही हटाने के प्रयास किए गए, जबकि स्टैंड पर खड़ी गाड़ियों के कारण ही रेलवे रोड पर जाम की स्थिति बनी रहती है। अवैध टैक्सी स्टैंड के कारण बाजार में आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।



रेवाड़ी। दुकानों के आगे रखे सामान को हटवाते हुए विभाग के एसडीओ।

**प्रशासन को रिपोर्ट सौंप दी**

लोक निर्माण विभाग के एसडीओ विरेंद्र सिंह ने बताया कि रेलवे रोड़ पर बाजार के बीच में बने अवैध टैक्सी स्टैंड को लेकर उन्होंने अपनी रिपोर्ट प्रशासन को सौंप दी है। प्रशासन टैक्सी स्टैंड के लिए कोई जगह तय करेगा, तभी बाजार में जाम की समस्या का स्थाई समाधान हो सकेगा।



### आयुष विभाग के नि:शुल्क होम्योपैथिक कैंप का आयोजन

**रेवाड़ी।** आयुष विभाग की ओर से शुक्रवार को फ्रेडरिक सैमुएल हैनीमेन के जन्मदिवस पर हुडा डिस्पेंसरी सेक्टर-4 में निःशुल्क होम्योपैथिक कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. बसंत कुमार ने होम्योपैथिक पद्धति के जनक डा. सैमुअल हैनीमैन के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. बसंत कुमार ने कहा कि विश्व होम्योपैथी दिवस प्रतिवर्ष 10 अप्रैल को होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक डा. सैमुअल हैनीमेन की जयंती के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य होम्योपैथी के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, इसके वैज्ञानिक आधार और प्रभावशीलता को आमजन तक पहुंचाना तथा इसे एक सुरक्षित, सरल और किफायती उपचार प्रणाली के रूप में प्रोत्साहित करना है। डा. मनोज यादव ने होम्योपैथी के इतिहास की जानकारी दी। कैंप में फार्मासिस्ट रायसिंह, इंद्रजीत व दीपक यादव ने 187 मरीजों की ओपीडी लेकर होम्योपैथिक औषधियां प्रदान की। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी ने सभी चिकित्सकों, फार्मासिस्टों एवं कर्मचारियों तथा पंचकर्म विशेषज्ञ डा. पूनम व योग विशेषज्ञ राकेश छिल्लर को बधाई दी। इस अवसर पर डा. नरेश कुमार यादव, डा. नीतू यादव, डा. मनोज यादव, डा. निशा व डा. राजीव कुमार उपस्थित थे।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह की आशंका, प्रशासन सख्त

- डीसी ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई बाल विवाह रोकथाम की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि आगामी 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर बड़ी संख्या में विवाह, शादियों का आयोजन किया जाता है, जिसकी आड़ में बाल विवाह होने का अंदेशा भी बना रहता है। जिला प्रशासन की ओर से बाल विवाह करने व करवाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। डीसी शुक्रवार को विभागों के अधिकारियों की बैठक ले रह थे।

उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया पर होने वाले सामूहिक विवाह, जिसमें बाल विवाह होने की संभावना होती है, उसके रोकथाम के लिए विशेष जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जाए। इसमें सभी सरकारी स्कूल और कॉलेज में विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाए और इस तरह की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के प्रति सचेत रहने को कहा जाए। उन्होंने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार कानूनन अपराध है। बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में भी आमजन को जागरूक किया जाए। डीसी ने घरेलू हिंसा को लेकर दिशा निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में दोनों पक्षों की काउंसलिंग कराई जाए। उन्होंने सरपंचों और आंगनबाड़ी वर्करों सहित अधिकारियों व कर्मचारियों को घरेलू हिंसा रोकने के लिए नागरिकों को जागरूक करने के निर्देश दिए। डीसी ने अधिकारियों व कर्मचारियों को बाल विवाह रोकथाम की शपथ भी दिलाई। डीसी ने कहा कि बाल विवाह के आयोजन के संबंध में पुलिस कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 तथा महिला हेल्पलाइन नंबर 181 पर दी जा सकती है। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा व बीडीपीओ शुभम सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



रेवाड़ी। अधिकारियों व कर्मचारियों को बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

**बाल विवाह अपराध**

डीसी ने जिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सरिता शर्मा को निर्देश दिए कि अक्षय तृतीया के अवसर पर विवाह कराने वाले पुजारी, पाठी, गांव के पंच, सरपंच, नंबरदार व शहरों में नगर पार्षदों एवं सामुदायिक केंद्र, सार्वजनिक भवन, बैंकट हाल, मैरिज पैलेस व धर्मशाला के मालिकों, कार्ड प्रिंटिंग, फोटोग्राफर, बैंड बाजा व टेंट हाउस के संचालकों को सचेत करने के साथ-साथ बाल विवाह पर रोक लगाने के कदम उठाए। धार्मिक संस्थाओं पर विशेष नजर रखी जाएं। सरिता शर्मा ने बताया कि विवाह के लिए लड़की की शादी की उम्र 18 वर्ष व लड़के की शादी की उम्र 21 वर्ष निर्धारित है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व विवाह करना कानूनन अपराध है। नियम के तहत बाल विवाह के आयोजन में भागीदार सभी लोगों पर कानूनी कार्यवाही किए जाने का भी प्रावधान है, जिसके तहत 2 साल की जेल व एक लाख रुपए तक के जुर्माने का भी प्रावधान है। उन्होंने कहा कि झूठी शिकायत करने वाले व्यक्ति के खिलाफ प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# दोचाना गांव के स्कूल में हुआ स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दोचाना में विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में चित्रकला प्रतियोगिता एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कक्षा छठीं, सातवीं एवं आठवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक निधानियां ने विद्यार्थियों को सही तरीके से ब्रश करने की विधि, दांतों एवं मुंह की स्वच्छता बनाए रखने तथा मुख संबंधी रोगों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने के महत्व पर भी विशेष बल दिया। इसके अतिरिक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोचाना की वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अंजली सैनी द्वारा कक्षा नौंवीं एवं 10वीं की छात्राओं को गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर की रोकथाम हेतु लगाए जाने वाले एचपीवी टीकाकरण के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा इसके महत्व को समझाया गया।



नारनौल। बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### कांग्रेस की बैठक में किसानों की मदद का फैसला

**कनीना।** कांग्रेस पार्टी की ओर से शुक्रवार को मासिक बैठक का आयोजन किया गया। कनीना के एक समारोह स्थल में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सत्यवीर यादव ने की। उनकी ओर से कार्यकर्ताओं को पार्टी कार्यक्रमों के बारे विस्तृत चर्चा की गई। फसल खरीद कार्य में किसानों की मदद करने, आगामी 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जाने की रूपरेखा तैयार की। 15 अप्रैल को पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह एवं राज्य सभा के नवनियुक्त सदस्य कर्मवीर बोध के जिले में आगमन की तैयारियों के लिए भी चर्चा की गई। बैठक में गांव-गांव, गली-गली कांग्रेस का प्रचार करने का निर्णय लिया गया। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजवती यादव, उपाध्यक्ष सुमेर चेयरमैन, कुलदीप भरगढ, प्रो राजवीर, प्रदीप यादव, महासचिव रणवीर, विनोद शेखावत, प्रेम यादव, श्याम सुंदर, धीरज शर्मा, विक्रांत यादव, भगवान सिंह उपस्थित थे।

### मसानी बैराज में दूषित पानी से निजात के लिए चला हस्ताक्षर अभियान

**रेवाड़ी।** शुक्रवार को गांव खलियावास में पर्यावरण संरक्षण व लोगों को मसानी बैराज के दूषित पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। पर्यावरणविद् कमल सिंह यादव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में मसानी बैराज को वेटलैंड घोषित करने की मांग की गई। कार्यक्रम में गांव खलियावास के सरपंच राजकुमार सहित सभी पंच और ग्रामीण मौजूद थे। इस मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि मसानी बैराज में जमा प्रदूषित जल क्षेत्र का महत्वपूर्ण मुद्दा है। दूषित पानी आसपास गांवों के लिए भी चुनौती बन गया है। अगर इसका समय रहते समाधान नहीं हुआ तो दूषित पानी की वजह से कैंसर जैसी बीमारियां होने का खतरा है। कमल सिंह ने सरकार दूषित पानी समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने की मांग की। इस मौके पर गांव मसानी के सरपंच सोनू यादव, डूंगरवास के सरपंच नवल सिंह, गांव जीतपुरा से मास्टर विजय सिंह, रामफल, हनीष वशिष्ठ व भटसाना से वैभव यादव सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। कमल सिंह ने बताया कि आगामी हस्ताक्षर अभियान 12 अप्रैल को सुबह 10 बजे गांव खरखड़ा और दोपहर 12 बजे गांव डूंगरवास में चलाया जाएगा।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद गांवों के सरपंच व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

# स्कूल रेडीनेस मेले में खेलकूद की महता बताई

- वार्ड-10 में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

शहर के वार्ड-10 में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र पर स्कूल रेडीनेस मेला कार्यकर्ता मुकेश देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें विभाग की सुपरवाइजर सुनीता ने बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया तथा खेलकूद स्पर्धाओं की उपयोगिता से अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि जच्चा-बच्चा की सुरक्षा तथा महिला एवं बच्चों को पौषक आहार मुहैया कराने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किए हैं। यहां 0-06 साल तक के बच्चों को पौषक आहार के साथ खेलकूद व शैक्षणिक गतिविधियां कराई जाती हैं, जिससे बच्चों को मानसिक और शारीरिक विकास करने में मदद मिलती है। छह साल की आयू पूरी करने के बाद बच्चों को स्कूल में पंजीकरण के लिए प्रेरित किया जाता है। नए शैक्षणिक सत्र में विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रो से सैकड़ों बच्चे स्कूलों में दाखिला लेंगे। जिन्हें स्कूल में मिलने वाले माहौल तथा पढ़ाई संबंधी शेड्यूल से अवगत कराया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में अभिभावकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है, जिन्हें बच्चों की रूची के अनुसार पढ़ाई कराने के लिए प्रेरित किया है। तर्क दिया कि दबाव बनाने से बच्चों में मानसिक कमजोरी उत्पन्न होगी, जिससे शारीरिक विकास पर असर पड़ेगा। इस अवसर पर वार्ड पार्षद बंटी भार्गव, अशोक कुमार व राजू सैनी इत्यादि मौजूद रहे हैं।



नांगल चौधरी। बच्चों की प्रतिभा का आंकलन करती कार्यकर्ता मुकेश देवी।

### केंद्रीय विवि की बीटेक लेटरल एंट्री के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अंतर्गत संचालित प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी, सिविल इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग व कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग कार्यक्रम में लेटरल एंट्री स्कीम के अंतर्गत बीटेक-द्वितीय वर्ष तृतीय सेमेस्टर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरु हो गई है। कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी का उद्देश्य सामाजिक तथा कॉर्पोरेट जिम्मेदारी के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले पेशेवर तकनीकी प्रोफेशनल तैयार करना है। हकेवि के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता प्रो. विकास गर्ग ने बताया कि बीटेक कार्यक्रम में लेटरल एंट्री स्कीम के अंतर्गत बीटेक-द्वितीय वर्ष तृतीय सेमेस्टर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरु हो गई है। उन्होंने बताया कि लेटरल एंट्री स्कीम में बीटेक- प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी में सात, इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में नौ तथा सिविल इंजीनियरिंग में सात व कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में छह सीटें उपलब्ध हैं। प्रो. फूल सिंह, बीटेक लेटरल एंट्री 2026-27 के समन्वयक ने जानकारी दी कि बीटेक प्रवेश परीक्षा पहली बार तीन परीक्षा केंद्रों-केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा, गुरुग्राम और चंडीगढ़-में आयोजित की जा रही है, ताकि अभ्यर्थियों को व्यापक स्तर पर सुविधा प्रदान की जा सके। इनमें दाखिला प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर होगा।

### चार-पांच दिन तक मौसम साफ रहने की उम्मीद

# मौसम ने ली करवट, आसमान साफ, बढ़ने लगा तापमान

- अगले सप्ताह एक बार फिर से देखने को मिलेगा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

अप्रैल के शुरू में ही किसानों को बार-बार परेशान कर चुके मौसम ने राहत देना शुरू कर दिया है। आसमान में छाने वाले बादलों का दौर कुछ समय के लिए रुक गया है। मौसम का मिजाज अभी भी ठंडा बना हुआ है, लेकिन जल्द इसके गर्माने के आसार नजर आने लगे हैं। चार-पांच दिन आसमान साफ रहने के बाद अगले सप्ताह मौसम में फिर बदलाव की संभावना जताई जा रही है। शुक्रवार को सुबह से आसमान साफ रहा। दोपहर तक एक बार आंशिक बादल छाए, लेकिन शाम तक बादल साफ हो गए। बारिश और ओलावृष्टि ने फरवरी माह जैसा मौसम बनाया हुआ है। दिन-रात के तापमान सामान्य से लगभग 10 डिग्री सेल्सियस तक कम बने हुए हैं। सुबह के समय लोगों को ठंड अपनी उपस्थिति का आभाष कराती है। दोपहर तक तेज धूप खिलने के कारण अधिकतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 32.5 डिग्री पर पहुंच गया। रात का तापमान भी 1.2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 15.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा की रफ्तार काफी तेज 25 किलोमीटर प्रति घंटा तक रही, जबकि नमी का स्तर 35 प्रतिशत पर आ गया। बीते साल 10 अप्रैल को अधितम तापमान 40.2 डिग्री और न्यूनतम 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। गर्मी ने लोगों को अप्रैल माह में जमकर पसीना छुड़ाया था, जबकि इस बार लोगों को गर्मी से अभी तक राहत मिली हुई है। दिन के समय पंखों का इस्तेमाल जरूर होता है, लेकिन कूलर और एसी अभी बंद हैं।



रेवाड़ी। खेत में काटकर सुखाने के लिए रखी हुई गेहूं की फसल। फोटो : हरिभूमि

**बीच-बीच में छा सकते हैं हल्के बादल**

मौसम विभाग के अनुसार कमजोर पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते बीच-बीच आंशिक बादल छा सकते हैं। फिलहाल तीन-चार दिन तक आसमान साफ रहने के आसार हैं। 18 अप्रैल को एक बार फिर से मौसम में बदलाव आ सकता है। तापमान में आगामी रविवार से वृद्धि दर्ज की जा सकती है, जिससे गर्मी एक बार फिर से पसीना छुड़ाना शुरू कर सकती है। अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में गर्मी का अच्छा असर शुरू होने की संभावना है।

**कई दिनों के बाद किसानों को मिली राहत**

अप्रैल माह शुरू होते ही मौसम ने किसानों को जमकर परेशान करना शुरू कर दिया था। गत बुधवार तक बार-बार हल्की बारिश या बूंदाबांदी होती रही थी। बीच में दो ओलावृष्टि भी हुई, जिससे किसानों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा। फसल निकालने और कटाई का कार्य भी बाधित होता रहा। मौसम साफ होने के बाद किसानों को काफी राहत मिल गई है। फसल निकालने का कार्य तेजी से शुरू हो गया है।

**खबर संक्षेप**

### अनुबाला बनी सहायक सेक्शन ऑफिसर

**कोसली।** गांव कृष्णनगर निवासी अनुबाला ने अपनी मेहनत और लगन से उपलब्धि हासिल की है।



अनुबाला का चयन केंद्रीय सचिवालय में सहायक सेक्शन ऑफिसर के पद पर हुआ है। गत बुधवार को कर्मचारी चयन आयोग की ओर से संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें अनुबाला ने सफलता प्राप्त की। इस उपलब्धि से गांव कृष्णनगर में खुशी का माहौल है। अनुबाला ने अपनी सफलता का श्रेय पिता सतबीर सिंह, माता इंदुबाला और गुरुजनों को दिया है।

### अवैध कब्जे हटाने के लिए दिया 15 दिन का समय

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा बस स्टैंड की भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कब्जा न हटाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। रोडवेज विभाग की ओर से कब्जाधारियों को 15 दिनों में कब्जा हटाने का समय दिया गया है। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी। रोडवेज महाप्रबंधक निरंजन शर्मा ने बताया कि धारूहेड़ा बस स्टैंड की भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है। कब्जाधारियों को 15 दिनों में स्वतः कब्जा हटवाने का समय दिया गया है। कब्जा न हटाने की सूरत में कार्रवाई के दौरान आई लागत का समस्त खर्चा कब्जा भी लोगों से वसूला जाएगा।

## रेवाड़ी में तीन दिन में 2600 क्विंटल खरीदा

# कोसली अनाजमंडी में दस दिन में ढाई लाख क्विंटल गेहूं की आवक







रेवाड़ी। रेवाड़ी अनाजमंडी में गेहूं की सरकारी खरीद करते हुए हैफेड के अधिकारी, अनाजमंडी में फड पर सूखता गेहूं तथा सरसों को छानकर साफ करते मजदूर। *फोटो : हरिभूमि*

- **शुक्रवार को खरीद एजेंसी हैफेड ने शाम तक 35 किसानों से 1550 क्विंटल गेहूं खरीदा, अनाजमंडी में फिर बढ़ने लगी सरसों की आवक**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी/कोसली

अनाजमंडियों में सरसों के साथ अब गेहूं की आवक भी बढ़ना शुरू हो गई है। कोसली अनाजमंडी में पिछले एक सप्ताह से गेहूं की बंपर आवक हो रही है। वहीं शुक्रवार को रेवाड़ी अनाजमंडी में भी गेहूं की काफी आवक रही, लेकिन अभी गेहूं में नमी होने के कारण फड़ पर सुखाया जा रहा है। शुक्रवार को रेवाड़ी अनाजमंडी में हैफेड की ओर से गेहूं की 2585 रुपये क्विंटल एमएसपी पर सरकारी खरीद की गई। शुक्रवार को गेहूं की सरकारी खरीद के लिए 60 किसानों के गेटपास काटे गए। हैफेड की ओर से शाम तक 35 किसानों से 1550 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई। इससे पहले हैफेड 6 किसानों से 320 क्विंटल गेहूं खरीद चुका है। वहीं वेयरहाउस ने 35 किसानों से 1144 क्विंटल गेहूं खरीदा गया है। कोसली अनाजमंडी में गेहूं की भारी आवक हो रही है। कोसली मंडी में वेयरहाउस की ओर अब तक एमएसपी 94820 क्विंटल गेहूं की सरकारी खरीद की जा चुकी है।

### किसान की 7600 रुपये तक बिक गई पीली सरसों

मौसम साफ होने के बाद तीन दिन से रेवाड़ी अनाजमंडी में सरसों की आवक फिर से बढ़ने लगी है, लेकिन सरसों में नमी ज्यादा और क्वालिटी डाउन होने के कारण आढतियों की ओर से प्राइवेट में 6000 से 6700 रुपये प्रति क्विंटल तक सरसों खरीदी जा रही है। गत दिवस वीरवार देर शाम अनाजमंडी में पहली बार पीली सरसों भी पहुंची। आढतियों की ओर पीली सरसों 7600 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदी गई। खरीद एजेंसी हैफेड को शुक्रवार को भी 6200 रुपये एमएसपी पर सरसों नहीं मिल पाई। रेवाड़ी अनाजमंडी में अब तक 165000 क्विंटल सरसों प्राइवेट में बेची जा चुकी है।

### कोसली मंडी से 41 हजार क्विंटल गेहूं का उठान

कोसली अनाज मंडी में शुक्रवार को 10775 क्विंटल गेहू के 284 गेटपास जारी किए गए। मार्केट कमेटी के सचिव विकास कुमार ने बताया कि मंडी में अब तक 246024 क्विंटल गेहू की आवक हो चुकी है तथा 5272 गेट पास जारी किए जा चुके हैं। वेयरहाउस के खरीद अधिकारी जगदीश बांगड़ ने बताया कि मंडी में शुक्रवार शाम तक 94820 क्विंटल गेहू की खरीद हो चुकी थी। मंडी से गेहू के 82158 कट्टों यानि 41079 क्विंटल का उठान भी हो चुका है, जबकि दो लाख क्विंटल गेहू खुले में पड़ा हुआ है। कोसली मंडी में सरसों की आवक बहुत धीमी है। खरीद शुरू होने के बाद से केवल 7895 क्विंटल सरसों के मात्र 366 गेट पास ही जारी हुए हैं।

### मंडी में फसल सुखाकर लाएं किसान

खरीद एजेंसी से हैफेड मैनेजर ने कहा कि सरकार के नियमानुसार 12 प्रतिशत नमी तक गेहूं की सरकारी खरीद की जा रही है। उन्होंने किसानों से फसल सुखाकर और साफ-सुथरी लाने की हिदायत दी है ताकि किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

**ऑटो-पे और सब्सक्रिप्शन फ्रॉड से सावधान**

## साइबर ठग फर्जी एप और वेबसाइट के जरिए उड़ा रहे पैसे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

वर्तमान में साइबर अपराधी लोगों को नए-नए तरीकों से ठगी का शिकार बना रहे है। जिला पुलिस की ओर से भी नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति निरंतर जागरूक किया जा रहा है। पुलिस ने आमजन को ऑटो-पे, सब्सक्रिप्शन और ऑटो-डेबिट से जुड़े साइबर फ्रॉड को लेकर सतर्क किया है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने जिला वासियों से मोबाइल एप्स, वेबसाइट्स और ऑनलाइन सेवाओं पर ऑटो-पे की सुविधा का उपयोग करते समय सावधानी बरतने की अपील की है। एसपी ने बताया कि हाल ही में ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें साइबर ठग लोगों को फर्जी एप या वेबसाइट के माध्यम से सब्सक्रिप्शन दिलवाकर उनके बैंक खाते या यूपीआई से ऑटोमैटिक पैसे कटवा लेते हैं। कई बार यूजर्स अनजाने में ओटीपी डालकर या अलाऊ ऑटो डिबेट पर क्लिक करके खुद ही ठगों को अनुमति दे देते हैं। इसके बाद हर महीने या तय समय पर उनके खाते से पैसे कटते रहते हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी एप या वेबसाइट को ऑटो-पे की अनुमति देने से पहले उसकी विश्वसनीयता जरूर जांचें। केवल आधिकारिक और भरोसेमंद प्लेटफॉर्म पर ही ऑटो-पे सुविधा सक्रिय करें। किसी भी अनजान लिंक, ऑफर या कॉल के झांसे में आकर ऑटो-डिबेट की अनुमति न दें। एसपी मीणा ने बताया कि नागरिक समय-समय पर अपने बैंक खाते, यूपीआई एप जैसे फोन-पे, गूगल-पे और नेट बैंकिंग में जाकर सक्रिय ऑटो-पे मेनडेट्स की जांच करें और अनजान या संदिग्ध मेनडेट्स को तुरंत बंद करें।

### ऑटो-पे मेनडेट्स को रद्द करवाएं



एसपी हेमेंद्र मीणा ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के खाते से बिना जानकारी के पैसे कट रहे हैं, तो तुरंत संबंधित बैंक को सूचित करें और ऑटो-पे मेनडेट्स को रद्द कराएं। साथ ही इसकी सूचना पुलिस को भी दें। साइबर ठगी की किसी भी स्थिति में राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें या साइबरक्राइम.जीओवी.इन पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें।

## गो-उपचार सेवा संस्था टीम ने घायल मोर का उपचार कर बचाई जान



रेवाड़ी। घायल मोर के साथ गो-उपचार सेवा की टीम। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धारूहेड़ा

देवकी गो-उपचार सेवा संस्था की टीम को एक मोर के घायल अवस्था में होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही संस्था की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायल मोर को उपचार के लिए बाबा झेरिया मंदिर स्थित देवकी गो-उपचार शाला लाया गया। जहां मोर को प्राथमिक उपचार दिया गया और इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारी निलेश को दी गई। सूचना के बाद पीकॉक चिंकारा ब्रीडिंग सेंटर झबुआ से टीम मौके पर पहुंची और घायल मोर को आगे के उपचार के लिए रेफर कर दिया गया। संस्था के सदस्य अश्वनी सैन ने बताया कि यदि समय रहते मोर का उपचार नहीं किया जाता, तो उसकी जान भी जा सकती थी। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य गोवंश के साथ-साथ अन्य बेजुबान जीवों की भी रक्षा, सेवा और उपचार करना है। संस्था ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं कोई घायल पशु या पक्षी दिखाई दे, तो तुरंत उनकी हेल्पलाइन नंबर 7027897689 पर सूचना दें। इस मौके पर अक्षय बागोरिया, नवनीत दहिया, निखिल जांगिड़, विक्की यादव, साहिल राजपुरा, मोनू रंगा और संदीप जांगिड़ मौजूद थे।

## मोतला कलां में 6.63 करोड़ की लागत से बनेगा नया जलघर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोसली



कोसली विधानसभा के गांव मोतला कलां में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की घोषणा के अनुसार 6 करोड़ 63 लाख 49 हजार की राशि से आधुनिक जलघर का निर्माण करवाया जाएगा। जलघर के बनने से आसपास के 6-7 गांवों को भी सुचारू पेयजल आपूर्ति का लाभ मिल सकेगा। विधायक अनिल यादव ने शुक्रवार को जाटूसाना के बीडीपीओ ब्लॉक ऑफिस में आयोजित किए गए समाधान शिविर में जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने उनकी मांग पर गांव मोतला कलां में नया जलघर व टैंक बनवाने की घोषणा की थी, जिसकी स्वीकृति देते हुए सरकार ने 6 करोड़ 63 लाख 49 हजार रुपये जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को भेज दिए हैं। विधायक ने बताया कि अगले एक सप्ताह में मोतलां कलां में जलघर बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। विधायक ने जाटूसाना खंड के गांवों से आए लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर बीडीपीओ सुरजीत सिंह, पंचायत समिति की चेयरमैन सुनीता देवी, प्रवीन कुमार व वाइस चेयरमैन विक्रम सिंह सहित विभिन्न गांवों के सरपंच एवं जिला पार्षद मौजूद थे।

## लूट के प्रयास में वांटेड तीन साल बाद चढ़ा हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

लगभग तीन साल पहले गांव बासदुधा और औलांत में लूट के प्रयास व फायरिंग की वारदातों में शामिल एक वांटेड क्रिमिनल को सीआईए की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। इन मामलों में पुलिस पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद 2 दिन के रिमांड पर लिया गया है।

14 फरवरी 2023 को गांव बासदुधा निवासी अमित कुमार ने पुलिस शिकायत में बताया था कि रात को करीब 1:40 बजे उनके घर पर अज्ञात बदमाशों ने धावा बोल दिया। जब उसने आहट सुनकर दरवाजा खोला, तो बाहर खड़े बदमाशों ने रॉड से हमला कर दिया। बचाव के लिए जब उसने दरवाजा बंद करने की कोशिश की तो बदमाशों ने कुल्हाड़ी से दरवाजा तोड़ना शुरू कर दिया। कड़े संघर्ष के दौरान एक आरोपी ने अवैध कट्टे से सीधा फायर कर दिया। शोर सुनकर उसके पड़ोसी धर्मबीर व नवीन मौके पर पहुंच गए। इसके बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।



पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ था कि यह गिरोह न केवल गांव बासदुधा, बल्कि 29 अक्टूबर 2022 को औलांत के तीन घरों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने की चारदात में भी शामिल था।

### पंच को भी मारी थी बदमाशों ने गोली

औलांत गांव में चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद जब बदमाश भाग रहे थे, तो गांव के एक पंच की नींद खुल गई। उसने बदमाशों का पीछा करने का प्रयास किया, तो बदमाशों ने पंच को गोली मार दी थी। इस मामले में सीआईए प्रभारी सुमेर सिंह की टीम ने नांगल तेजू निवासी रोशन को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को कोर्ट से रिमांड पर लिया है।

## अधिकारी-कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी सजगता से निभाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि हरियाणा सरकार जनसेवा की भावना अनुरूप सरकारी योजनाओं को लागू कर रही है और इन योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी रूप से करते हुए लोगों को लाभ पहुंचाने में अधिकारी-कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी सजगता से निभाएं। डीसी शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की समीक्षा कर रहे थे।

डीसी कहा कि सभी विभागाध्यक्ष अपने विभाग से संबंधित शिकायतों को समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर समाधान करने में सक्रियता बरतें। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की शिकायतें लंबित हैं, उनका शीघ्र समाधान करें। इसके अलावा अधिकारी समाधान शिविर और सीएम विंडो पोर्टल की निरंतर मॉनिटरिंग करते हुए अपने-अपने विभागों से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता से निवारण करते हुए पोर्टल पर दुरुस्त अवश्य करें।

डीसी ने कहा कि लंबित शिकायतों को जल्द से जल्द समाधान करके पूर्ण एटीआर के साथ पोर्टल पर भी अपडेट करें।

इस अवसर पर एसडीएम सुरेश कुमार, जिला नगर आयुक्त ब्रह्म प्रकाश, सीटीएम जितेंद्र कुमार, डीडीपीओ एचपी बंसल व डीआरओ प्रदीप दहिया सहित विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद थे।

## रेडक्रॉस सोसायटी के शिविर में 40 यूनिट ब्लड एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी



जिला रेडक्रॉस सोसायटी कार्यालय में शुक्रवार को सचिव बिजेंद्र सौरोत के नेतृत्व में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। रक्तदान शिविर में पूर्व नगर परिषद ईओ मनोज यादव मुख्य अतिथि रूप में उपस्थित थे। शिविर में एडवोकेट एवं रेडक्रॉस कार्यकारिणी सदस्य कैलाश चंद व रणजीत सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर अतिथियों ने रक्तदान को जीवनदान बताते हुए कहा कि रक्त शरीर के अंदर ही बनता है। इसे अन्य किसी भी तरह एक उत्पाद की तरह नहीं बनाया जा सकता। युवा वर्ग को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए ताकि रक्त के अभाव में किसी भी मनुष्य की मौत न हो पाए। सचिव बिजेंद्र सोरोत ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए, रक्त किसी को जीवनदान दे सकता है। शिविर में सामान्य अस्पताल की टीम ने 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण अधिकारी प्रेम प्रकाश, राजकुमार, संजय, कविता, प्राथमिक सहायता प्रवक्ताओं तथा ब्लड बैंक की टीम एवं रेडक्रॉस के सभी कर्मचारियों का सहयोग रहा।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**कार्यक्रम** देश की समृद्धि के लिए आत्मनिर्भरता और कौशल विकास पर दिया जोर

# आईजीयू में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन, ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से 140 शोधपत्र प्रस्तुत किए






रेवाड़ी। सम्मेलन में प्रदर्शनी का अवलोकन व आयोजन टीम को सम्मानित करते हुए अतिथि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के कौशल संवर्धन और व्यावसायिक विकास केंद्र, वाणिज्य विभाग और पर्यटन एवं प्रबंधन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्वदेशी शोध संस्थान के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसएन सचदेवा और चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रो. बीआर कंबोज ने शिरकत की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. एसके अग्रवाल अध्यक्ष जीएनजी ग्रुप गुरुग्राम तथा मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात अर्थशास्त्री प्रो.अश्वनी महाजन उपस्थित थे। कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी व कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। संगोष्ठी की संयोजक एवं कौशल संवर्धन और व्यावसायिक विकास केंद्र की निदेशक प्रो. रितु बजाज ने सम्मेलन की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

विशिष्ट अतिथि प्रो. अग्रवाल ने इंडस्ट्री एवं अकेडमिक पर्यावरण का संयोजन करते हुए विद्यार्थियों में उद्यमशीलता को बढ़ाने पर जोर दिया। कुलपति प्रो. कंबोज ने सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट पर जोर दिया।

कार्यक्रम की धन्यवाद प्रस्तावना वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. रविंद्र ने रखी। कार्यक्रम में योगदान देने वाली आयोजन टीम के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। स्वदेशी प्रदर्शनी एवं आइशर मोबाइल फैक्ट्री ऑन व्हील्स की प्रदर्शनी में प्रस्तुति रखने वालों को भी पुरस्कृत किया गया। दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 230 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया तथा ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से 140 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए, जिसमें 55 पेपर ऑनलाइन माध्यम और 85 पेपर ऑफलाइन माध्यम से प्रस्तुत किए गए। इसके लिए अलग-अलग सत्र समानांतर रूप से आयोजित किए गए थे। सम्मेलन में पांच ऑनलाइन एवं सात ऑफलाइन सत्र आयोजित किए गए। प्रत्येक सत्र से बेस्ट पेपर भी घोषित किए गए। अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण भी किया।

### कृषि क्षेत्र में सुधार की बहुत आवश्यकता

कुरुक्षेत्र विवि के कुलपति प्रो. सचदेवा ने कहा कि कृषि क्षेत्र में सुधार की बहुत आवश्यकता है, क्योंकि यह वह क्षेत्र है, जहां रोजगार संवर्धन एवं उद्यमशीलता को बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

### आत्मनिर्भरता और कौशल विकास पर बल दिया

मुख्य वक्ता प्रो.अश्विनी महाजन ने देश की समृद्धि के लिए आत्मनिर्भरता और कौशल विकास पर बल दिया। उन्होंने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सक्षम नेतृत्व में तेजी से विकास और समृद्धि की राह पर बढ़ रहा है और शीघ्र ही हम लोग आत्मनिर्भरता का लक्ष्य भी प्राप्त कर लेंगे।

### विचारों को व्यवहारिक जीवन में लागू करना आवश्यक

आईजीयू के कुलपति प्रो. मिगलानी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से जो विचार एकत्रित होते हैं, उन्हें साकार रूप से व्यवहारिक जीवन में लागू करना भी उतना ही आवश्यक है, तभी यह आयोजन सार्थक सिद्ध हो सकते हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कार्यक्रम की सहसंयोजक प्रो. अदिति शर्मा, प्रो. तेज सिंह, प्रो. रविंद्र, प्रो. रश्मि पुंडीर, प्रो. संजय हुड्डा, प्रो. करण सिंह, प्रो. समृद्धि, आयोजन सचिव डा. ममता अग्रवाल और डा. भारती सहित सभी समिति संयोजक, सदस्य एवं शोधार्थी उपस्थित थे। मंच संचालन डा. कुसुम यादव और डा. ईश्वर शर्मा ने किया।